This question paper contains 4+2 printed pages]

H.P.A.S. (Main)—2011

ECONOMICS

Paper II

Time : 3 Hours *Maximum Marks :* 150

Note :— Attempt *five* questions in all. Question No. 1 is compulsory. *All* questions carry equal marks.

कुल पाँच प्रश्न कीजिए । प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. "The growth of Indian economy is influenced more by external factors than internal factors." Comment on the statement, keeping in mind the experience of growth-pattern during the last about 20 years. 30

"भारतीय अर्थव्यवस्था की संवृद्धि आन्तरिक कारकों की अपेक्षा बाह्य कारकों से अधिक प्रभावित हुई है ।" विगत लगभग बीस वर्षों के संवृद्धि-पैटर्न के अनुभव को ध्यान में रखते हुए, उपर्युक्त कथन पर आलोचनात्मक टिप्पणी कीजिए ।

P.T.O.

2. What is meant by 'New Strategy in Agriculture' ? Has it helped in increasing agricultural production and productivity ? Critically examine the above statement. Also discuss whether we require yet another revolution in agriculture and why ? 20+10

'कृषि में नवीन युक्ति' से आप क्या समझते हैं ? क्या इसके कारण कृषि उत्पादन तथा उत्पादिता में वृद्धि हुई है ? उपर्युक्त कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । इसकी भी व्याख्या कीजिए कि क्या हमें कृषि में एक और क्रान्ति की आवश्यकता है तथा क्यों ?

3. What changes have taken place in policy with regard to foreign investment in India since 1991 ? How have these affected foreign capital inflow in the country ? How far was this inflow beneficial to India ? 10+10+10

भारत में विदेशी निवेश के संबंध में सन् 1991 से नीति में क्या परिवर्तन हुए हैं ? किस प्रकार इन परिवर्तनों ने देश में विदेशी पूँजी अन्त:प्रवाह को प्रभावित किया है ? कहाँ तक यह अन्त:प्रवाह भारत के लिए लाभदायी रहा है ?

4. What changes have taken place in composition and direction of India's trade since 1991 ? Why is the government encouraging bilateral and regional trade during the last one decade ? 20+10

वर्ष 1991 से भारत के व्यापार की संरचना तथा दिशा में क्या परिवर्तन हुए हैं ? विगत एक दशक में, सरकार द्विपक्षीय तथा क्षेत्रीय व्यापार को क्यों प्रोत्साहित कर रही है ?

5. Critically evaluate the fiscal policy of India since 1991. Elaborate the measures adopted by the Government to reduce fiscal deficit during the last few years. How far the Government succeeded in her efforts ? 15+10+5

वर्ष 1991 से, भारत की राजकोषीय नीति का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए । विगत कुछ वर्षों में सरकार द्वारा राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए उठाए गए उपायों को स्पष्ट कीजिए । सरकार को कहाँ तक अपने प्रयासों में सफलता प्राप्त हुई है ?

6. What is meant by food security ? Discuss its rationale and usefulness for India. What role can, existing public distribution system play in this connection ? 20+10

खाद्य सुरक्षा से आप क्या समझते हैं ? भारत में इसके औचित्य तथा उपादेयता की विवेचना कीजिए । इस संदर्भ में वर्तमान सार्वजनिक वितरण प्रणाली क्या भूमिका अदा कर सकती है ?

7. Examine the changes in the nature and extent of unemployment in India since the beginning of VIIIth five year plan. Which strategy did Government adopt

for combating unemployment of illiterate/unskilled population as well as for educated and technical/ professional manpower ? Discuss critically. 20+10

आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रारम्भ से, भारत में बेरोजगारी की प्रकृति तथा मात्रा में हुए परिवर्तनों का परीक्षण कीजिए । निरक्षर/अकुशल जनसंख्या के साथ-साथ शिक्षित तथा तकनीकी/व्यावसायिक जनशक्ति की बेरोजगारी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा कौनसी युक्ति अपनायी गई है, विवेचना कीजिए ।

8. Write notes on any *two* of the following : 16+16

(*a*) Parallel economy in India

(*b*) Recent credit control measures adopted by RBI

(*c*) Agricultural products pricing policy

(*d*) Role of SMEs in India's development.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए :

(*a*) भारत में समानान्तर अर्थव्यवस्था

(*b*) आर. बी. आई. द्वारा हाल में उठाए गए साख-संबंधी उपाय

(*c*) कृषि उत्पाद कीमत निर्धारण नीति

(*d*) भारत के विकास में एसएमईस की भूमिका ।